आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 15.02.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- समान नागरिक संहिता के तहत फर्जी शिकायत करने वालों पर सरकार जुर्माना लगाएगी।
- उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल हल्द्वानी में संपन्न; मेघालय अगले खेलों की मेजबानी करेगा।
- उत्तराखंड उच्च न्यायालय के नवनियुक्त न्यायाधीश आलोक मेहरा को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी. नरेंद्र ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।
- सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं आज से शुरू हो रही हैं।

जुर्माना प्रावधान

समान नागरिक संहिता– यू०सी०सी के तहत होने वाले आवेदनों के खिलाफ फर्जी शिकायत करने वालों पर जुर्माना लगाया जा सकता है और इसकी वसूली भू राजस्व की तर्ज पर की जाएगी। प्रदेश की अपर सचिव (गृह) निवेदिता कुकरेती ने बताया कि यूसीसी के तहत होने वाले आवेदनों और पंजीकरणों को हर तरह से विवादरहित बनाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि यूसीसी नियमावली में स्पष्ट किया गया है कि अगर कोई व्यक्ति, किसी अन्य व्यक्ति के खिलाफ फर्जी शिकायत दर्ज कराता है तो उसे पहली बार भविष्य के लिए सचेत किया जाएगा। लेकिन इसके बावजूद अगर फिर भी आवेदन या पंजीकरण से जुडे किसी भी अन्य मामले में फर्जी शिकायत दर्ज की जाती है तो उसपर दूसरी बार झूठी शिकायत करने के लिए पांच हजार और तीसरी बार झूठी शिकायत करने के लिए 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। शिकायतकर्ता को इसका भुगतान 45 दिन के भीतर ऑनलाइन तरीके से करना होगा और अगर वह ऐसा नहीं करता तो जुर्माने की वसूली भू राजस्व की तर्ज पर तहसील के माध्यम से की जाएगी।

राष्ट्रीय खेल संपन्न

उत्तराखंड के हल्द्वानी में कल 38वें राष्ट्रीय खेल संपन्न हुये। समापन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति ने इस आयोजन को यादगार बना दिया गया। समारोह के मुख्य अतिथि गृह मंत्री अमित शाह ने खेलों की सफल मेजबानी के लिए उत्तराखंड सरकार को बधाई दी और खेलों को *ग्रीन गेम्स* बताते हुए इसकी प्रशंसा की।

गृह मंत्री ने घोषणा की कि 39वें राष्ट्रीय खेल मेघालय में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि इसमें छह पूर्वोत्तर राज्य शामिल होंगे, जिससे पूरे क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

कार्यक्रम में खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने आयोजन की सफल मेजबानी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उत्तराखंड ने अब खुद को ''खेलों की भूमि'' के रूप में स्थापित कर लिया है।

उत्तराखंड बेहतर प्रदर्शन

उत्तराखंड ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 25वें स्थान से छलांग लगाकर 7वां स्थान हासिल किया। यह उपलब्धि राज्य के खेल इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ती है।

इस सफलता के पीछे खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत के साथ ही राज्य सरकार की खेल विकास नीतियों की अहम भूमिका रही। आधुनिक खेल परिसरों, उच्च स्तरीय प्रशिक्षण शिविरों और बेहतर कोचिंग सुविधाओं ने खिलाड़ियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

उत्तराखंड ने फुटबॉल, हैंडबॉल, नेटबॉल और कबड्डी सहित कई खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे पूरे देश का ध्यान इस ओर आकर्षित हुआ। यह ऐतिहासिक उपलब्धि खेलों के प्रति नई जागरूकता और उत्साह की लहर पैदा कर रही है, जो आने वाले वर्षों में और बड़ी सफलताओं का मार्ग प्रशस्त करेगी।

राज्यपाल

सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सतपाल सिंह बिष्ट ने राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के समक्ष 'वन यूनिवर्सिटी—वन रिसर्च' के अंतर्गत चल रहे शोध कार्य की प्रगति पर प्रस्तुतीकरण दिया। विश्वविद्यालय द्वारा ''सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन जीआईएस'' विषय पर शोध किया जा रहा है। प्रोफेसर बिष्ट ने बताया कि भौगोलिक सूचना प्रणाली— जीआईएस तकनीक से उत्तराखण्ड जैसे पर्वतीय राज्य में आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, जल संसाधन प्रबंधन और शहरी नियोजन को अधिक वैज्ञानिक और सटीक बनाया जा सकता है। इस तकनीक का उपयोग आपदाओं की रोकथाम और त्वरित राहत प्रयासों में भी किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि वन क्षेत्रों की निगरानी, जल स्रोतों की मैपिंग और शहरी विकास योजनाओं में भी यह तकनीक प्रभावी सिद्ध हो सकती है। राज्यपाल ने कहा कि जीआईएस आधारित अध्ययन उत्तराखण्ड में प्रशासनिक और विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक हो सकता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड जैसे पर्वतीय राज्य में जीआईएस का उपयोग नीतिगत निर्णयों को सशक्त बनाने, स्मार्ट प्लानिंग सुनिश्चित करने और सतत विकास को गति देने के लिए किया जा सकता है।

शपथ

उत्तराखंड उच्च न्यायालय के नवनियुक्त न्यायाधीश आलोक मेहरा को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी. नरेंद्र ने कल पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति मेहरा के शपथ ग्रहण के बाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की कुल संख्या 9 हो गई है।

परीक्षा

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड– सी.बी.एस.ई आज से दसवीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा आयोजित कर रहा है। दसवीं कक्षा की परीक्षाएं 18 मार्च को और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं चार अप्रैल को समाप्त होंगी। परीक्षाएं एक ही सत्र में सुबह साढे दस बजे से दोपहर डेढ बजे तक आयोजित की जाएंगी।

समीक्षा

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कल सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज होने वाली शिकायतों का समय से समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों के समाधान के बाद शिकायतकर्ता से आवश्यक रुप से बातचीत कर शिकायत के समाधान की जानकारी लेने के भी निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में आम जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समय से समाधान करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी विभाग की ओर से दर्ज शिकायत के समाधान होने की सूचना दिए जाने के बाद शिकायतकर्ता पुनः शिकायत करता है, तो अधिकारी को मामले में स्पष्टीकरण देना होगा।

बैठक

अल्मोड़ा के जिलाधिकारी आलोक कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला पर्यटन विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें राज्य में पर्यटन गतिविधियों को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने और पर्यटन के सुनियोजित विकास पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में वार्षिक जिला योजनाओं की संरचना और उनके प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग के साथ ही यात्रा व पर्यटन गतिविधियों के प्रचार और विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी विचार–विमर्श किया गया।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से सचित्र प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान समाचार ने लिखा है– आतंक पर वार, चार गुना कारोबार का संकल्प, भारत और अमेरिका के बीच कई करार, पाकिस्तान को भी कड़ा संदेश। इसी ख़बर पर अमर उजाला लिखता है– राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी...भारत को एफ–35 स्टील्थ जेट का प्रस्ताव।

38वें राष्ट्रीय खेलों के भव्य समापन की ख़बर भी आज सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में हैं। अमर उजाला केंद्रीय मंत्री अमित शाह के हवाले से लिखता है– ओलंपिक 2036 की मेजबानी के लिए तैयार है भारत, हल्द्वानी में राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह में गृहमंत्री बोले– सर्जिकल स्ट्राइक से विश्व में भारत ने पहचान बदली.... खेल में भी बनेगा विश्व गुरू।

पर्यावरण बचाओ आंदोलन में हर कदम पर पर्यावरणविद् स्व. सुंदरलाल बहुगुणा के साथ खड़ी रहीं उनकी पत्नी विमला बहुगुणा का 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया। इस समाचार को भी सभी अखबारों ने स्थान दिया है।

एक अन्य ख़बर पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– चारधाम यात्रा से पूर्व गंगोत्री के लिए हेली सेवा की तैयारी।